# समाचार
# लोक सुराज शिविरों का आयोजन 13 अप्रेल से
## (आयुक्त श्री आलोक चंद्रवंशी ने आदेश जारी कर शिविर आयोजन हेतु अधिकारी/कर्मचारियों को सौंपे दायित्व )

कोरबा 10 अप्रैल 2015 —शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार आगामी 13 अप्रेल से 12 मई के बीच लोक सुराज शिविरों का आयोजन किया जाना है। आयुक्त श्री आलोक चंद्रवंशी ने आज एक आदेश जारी कर नगर पालिक निगम कोरबा के 6 जोन में निर्धारित तिथियों व स्थलों पर आयोजित होने वाले लोक सुराज शिविरों के आयोजन एवं संचालन हेतु निगम के अधिकारी, कर्मचारियों को दायित्व सौंपे हैं।

उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के पत्र क्र. एफ 11—1/2015/18 नया रायपुर दिनांक 07.04.2015 के परिपालन में कोरबा जिले के अन्य नगरीय निकायों के साथ साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी लोक सुराज शिविरों का आयोजन प्रातः 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक किया जाएगा। आयुक्त श्री आलोक चंद्रवंशी ने आज एक आदेश जारी कर शिविरों के आयोजन व सफल संचालन हेतु निगम के अधिकारी /कर्मचारियों की तैनाती कर दी है। जारी आदेश के अनुसार लोक सुराज अभियान 2015 हेतु नगर पालिक निगम कोरबा स्तर पर श्री एम.के.वर्मा, अधीक्षण अभियंता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जोन स्तर पर शिविरों के आयोजन हेतु संबंधित जोन के कार्यपालन अभियंता जोनल नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। आयुक्त श्री आलोक चंद्रवंशी ने अधिकारी/कर्मचारियों को दायित्व सौंपते हुए कहा है कि वे शिविरों के आयोजन एवं सफल संचालन हेतु समस्त आवश्यक कार्यवाही पूरी निष्ठा के साथ सम्पादित कराएं।

**निर्धारित तिथि व स्थलों पर आयोजित होंगे शिविर —** नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के 6 जोन क्रमशः टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, बालको, कोरबा, दर्री एवं बांकी मोंगरा में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 अप्रेल 2015 को प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम,टी.पी.नगर में, 21 अप्रेल 2015 को कोसाबाड़ी जोन कार्यालय पं. रविशंकर शुक्ल नगर में, 25 अप्रेल 2015 को कांजी हाउस के पास सामुदायिक भवन परसाभाठा बालको में, 30 अप्रेल 2015 को कोरबा जोन कार्यालय कोरबा में, 6 मई 2015 को प्रतीक्षा बस स्टैण्ड सरदार पटेल नगर, दर्री जोन कार्यालय में एवं 11 मई 2015 को सुराकछार दशहरा मैदान के पास सामुदायिक भवन वार्ड क्र 57 भैरोताल बांकी मोंगरा जोन में प्रातः 11बजे से सांय 5 बजे तक शिविर आयोजित किये जाएंगे।

**विभिन्न कार्यों हेतु अधिकारियों को दायित्व** — आयुक्त श्री आलोक चंद्रवंशी ने इन शिविरों के आयोजन के दौरान विभिन्न नगर पालिक सेवाओं एवं निगम के कार्यों से संबंधित प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं तथा उनके साथ अधिनस्थ कर्मचारियों को संलग्न किया गया है। शिविर में जल प्रदाय संबंधी कार्यों हेतु प्रभारी अधिकारी आर.के. माहेश्वरी कार्यपालन अभियंता, भागीरथी नलजल योजनांतर्गत नल कनेक्शन कार्य हेतु बी.पी.त्रिवेदी, राजस्व अधिकारी, स्वच्छता संबंधी कार्यों हेतु व्ही.के. सारस्वत सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, विद्युत व्यवस्था संबंधी कार्यों के लिए आर.के.चौबे कार्यपालन अभियंता, समाज कल्याण विभाग संबंधी कार्यों हेतु डॉ. शिरिन लाखे समाज कल्याण अधिकारी, संपदा विभाग संबंधी कार्यों हेतु एन.एस. करपे संपदा अधिकारी तथा संपत्तिकर विभाग संबंधी कार्यों हेतु ए.आर. बर्मन संपत्तिकर अधिकारी को जवाबदारी सौंपी गई है इसके साथ ही संबंधित विभागों के अधिनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को प्रभारी अधिकारी के सहयोग हेतु संलग्न किया गया है। जारी आदेश के अनुसार विभिन्न जोन में निर्धारित तिथियों को आयोजित होने जा रहे लोक सुराज शिविरों में निर्माण एवं विकास संबंधी कार्यों का दायित्व संबंधित जोन के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं उप अभियंता आदि को सौंपा गया है तथा शिविरों की व्यवस्था उनके संचालन व अन्य संबंधित कार्यों की मानिटरिंग की जिम्मेदारी सुमन खरे उपायुक्त को सौंपी गई है।

**जिले के अन्य नगरीय निकायों में भी आयोजित होंगे शिविर** — प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के अन्य नगरीय निकाय यथा नगर पालिका परिषद दीपका एवं कटघोरा, नगर पंचायत पाली एवं छुरी में भी लोक सुराज शिविर के आयोजन किये जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिक परिषद दीपका में 21 अप्रेल, 27 अप्रेल, 01 मई एवं 07 मई को शिविर आयोजित होंगे। नगर पालिका परिषद कटघोरा में 17 अप्रेल, 23 अप्रेल, 29 अप्रेल एव 05 मई को शिविर लगेंगे। इसी प्रकार नगर पंचायत पाली में 16 अप्रेल, 24 अप्रेल, 30 अप्रेल एवं 12 मई को शिविर लगाए जाएंगे। नगर पंचायत छुरी में 15 अप्रेल, 22 अप्रेल, 28 अप्रेल, 02 मई एवं 08 मई शिविरों का आयोजन किया जाएगा।